सफलता की कहानी कास्तकार की जुबानी

मै भवान सिंह पुत्र श्री लछम सिंह ग्राम तुनिया पो0 भुजान विकास खण्ड ताडीखेत का निवासी हूँ मैं फल एवं सब्जी उत्पादन कर अपने परिवार का पालन करता हूँ । आज से 5–6 वर्ष पूर्व तक हमारी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी विगत 5 वर्षो में मुझे हा0टे0मि0 योजना अन्तर्गत फल क्षेत्रफल विस्तार,सब्जी क्षेत्रफल विस्तार,टपक सिंचाई प्रणाली एवं लो कास्ट पालीहाउस का लाभ मिला है। जो निम्न प्रकार है:–

फल क्षेत्रफल विस्तार के अन्तर्गत वर्ष 2004–05 में मैने 100 आम कल्मी पौधो का रोपण किया तथा विभाग द्वारा मुझे समय–समय पर तकनीकी मार्ग दर्शन दिया गया इस समय ये पौधे फलत में है तथा 12000.00 रू0 की आय प्राप्त हुई है। सब्जी क्षेत्रफल विस्तार के अन्तर्गत मेरे द्वारा पिछले पॉच वर्षो में हाईब्रिड टमाटर,शिमला मिर्च,फूलगोभी एवं बन्दगोभी का उत्पादन किया गया । तथा मसाला के अन्तर्गत अदरख तथा हल्दी का उत्पादन किया गया ।

वर्ष 2006–07 में मैने 100 वर्ग मी0 के पौलीहाउस का निर्माण किया इस हेतु विभाग द्वारा मुझे पौलीथीन सीट निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी इस पालीहाउस मे मैं वर्ष भर सब्जी उत्पादन कर रहा हूँ । वर्ष 2005–06 में हा0टे0मि0 योजना अन्तर्गत मेरे उद्यान में एक है0 क्षेत्र में सिंचाई हेतु टपक सिचाई प्रणाली स्थापित की गयी जिस पर 28500.00 का अनुदान दिया गया वर्तमान समय इस प्रणाली की स्थापना से मुझे मजदूरी आदि पर बचत हो रही है।

उक्त सभी सभी योजनाओं के कारण मुझे फल तथा सब्जी उत्पादन से प्रति वर्ष लगभग रू 38000.00 की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। जिससे मैं अपने परिवार का पालन पोषण सही प्रकार से कर रहा हूँ ।



(श्री भवान सिह पुत्र श्री लछम सिंह ग्राम तुनिया पो0 भुजान)
उ0स0द0 केन्द्र बमस्यू जिला अल्मोड़ा



पालीहाउस में टमाटर की खेती
(श्री भवान सिह पुत्र श्री लछम सिंह ग्राम तुनिया पो0 भुजान)
उ0स0द0 केन्द्र बमस्यू जिला अल्मोड़ा